<u>कार्यालय पुलिस उपायुक्त काशी जोन पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी</u>

<u>प्रेस-नोट</u>

<u>दिनांक- 02.07.2024</u>

<u>विषय:-</u>   <u>चोरी के अभियोग से सम्बन्धित अभियुक्त थाना रामनगर पुलिस द्वारा गिरफ्तार।</u>

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली व प्रभारी निरीक्षक रामनगर के नेतृत्व में वादी मुकदमा व थाना रामनगर पुलिस टीम द्वारा दिनांक 02/07/2024 को अभियुक्त मनीष साहनी पुत्र राजाराम साहनी निवासी ग्राम सूजाबाद थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी के पास से 03 चोरी के मोबाइल फोन बरामद किया गया उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0- 0125/2024 धारा- 305/317(2) बी0एन0एस0 पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

<u>सम्बन्धित अभियोग-</u> मु0अ0सं0 0125/2024 धारा- 305/317(2) भारतीय न्याय संहिता, थाना रामनगर, कमिश्नरेट वाराणसी।

<u>घटना का विवरण-</u> दिनांक- 02/07/2024 को वादी मुकदमा श्री मंजीत साहनी पुत्र स्व0 छोटेलाल साहनी निवासी ग्राम सूजाबाद थाना रामनगर वाराणसी के लिखित तहरीर के आधार पर अभियुक्त मनीष साहनी पुत्र राजाराम साहनी निवासी ग्राम सूजाबाद थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी के पास से कुल 03 अदद मोबाइल फोन बरामद होने पर मनीष साहनी के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0- 0125/2024 धारा 305/317(2) बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

<u>विवरण पूछताछ-</u> मनीष साहनी पुत्र राजाराम साहनी निवासी ग्राम सूजाबाद थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी उम्र 19 वर्ष ने बताया कि आज दिनांक 02/07/2024 को मैं मेरे ही गांव के रहने वाले मंजीत साहनी के मकान से मंजीत साहनी व उनके परिवार का कुल 03 फोन चोरी करके भाग रहा था कि मंजीत ने मुझे पकड़ लिया।

<u>गिरफ्तारी का स्थान व दिनाक-</u> थाना रामनगर , दिनांक- 02.07.2024

<u>गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-</u> मनीष साहनी पुत्र राजाराम साहनी निवासी ग्राम सूजाबाद थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी उम्र 19 वर्ष।

<u>गिरफ्तारी करने वाली टीम का विवरण-</u>

1- उ0नि0 श्री घनश्याम मिश्र चौकी प्रभारी कस्बा थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी।